अमर उजाला 03/10/2022

# महाविद्यालय में चलाया सफाई अभियान



**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज छावनी में प्राचार्य डॉ. वीके जैन के नेतृत्व में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 153वें जन्मदिन को हर्षोल्लास से मनाया। महाविद्यालय में स्वच्छता कैंप के तहत साफ-सफाई की। गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और विचारों साझा किए। प्राचार्य ने कहा कि जीएमएन कॉलेज स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद गांधी जी के नाम पर सबसे पहला कॉलेज है जो छावनी में स्थापित हुआ था। इस मौके पर कैप्टन डॉ. एसएस नैन, प्रो. श्याम रहेजा, प्रो. पारुल, प्रो. लवप्रीत सिंह, प्रो. रूपाली, रविंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। **संवाद**